**दिनाँक: 24.02.2024**

### थीम : 'लोकतन्त्र, मतदान और युवा'

### प्रतिवेदन

आज दिनाँक 24.02.2024 को सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों का एक दिवसीय शिविर महाविद्यालय क्रीड़ा प्रांगण में आयोजित किया गया । 'लोकतन्त्र, मतदान और युवा' थीम पर आयोजित इस एक दिवसीय शिविर में योग प्रशिक्षण, श्रमदान, भाषण प्रतियोगिता, बौद्धिक गोष्ठी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । इसके अतिरिक्त नासकॉम फाउंडेशन की कर्मचारी श्रीमती हेमलता द्वारा स्वयंसेवियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए ।

एक दिवसीय शिविर का प्रारम्भ स्वयंसेवियों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत गायन के साथ हुआ । इसके उपरान्त आयुर्वेद हॉस्पिटल लालपुर के योग प्रशिक्षक श्री तरुण कुमार द्वारा युवाओं को जीवन में योग के महत्व के बारे में बताया गया और उन्हें योग के विभिन्न आसनों और प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया गया । इसके बाद स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर में उगी झाड़ियों की कटाई कर तथा भगत सिंह और विवेकानन्द पार्क में सफाई कर श्रमदान कार्यक्रम में हिस्सा लिया ।

**'लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका'** की विषय पर आयोजित इस एक दिवसीय शिविर की बौद्धिक गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.सी. पंत ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतन्त्र के रूप में भारत की प्रतिष्ठा है । लेकिन जब तक देश का युवा मतदाता अपने संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों का बोध प्राप्त कर सही तरीके से इस प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लेगा , लोकतन्त्र के लक्ष्यों को प्राप्त करना संभव नहीं है । आपने युवाओं का आह्वान किया कि वे स्वयं भी अनिवार्य रूप से मतदान करें और अपने आस-पड़ोस, मित्रों और सम्बन्धियों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। समाजशास्त्र विभाग प्रभारी प्रोफेसर हेमलता सैनी ने कहा कि युवा देश का भविष्य ही नहीं, देश के भविष्य का निर्माता भी होता है । लोकतंत्र में चुनाव की प्रक्रिया में मतदान के माध्यम से की गई हिस्सेदारी युवाओं को इस बात का अवसर प्रदान करती है कि वे अपने हिसाब से भविष्य निर्माण की कल्पना को साकार रूप दे सकें । इसलिए युवाओं को मतदान में हिस्सा लेकर लोकतान्त्रिक चुनाव प्रक्रिया में सकारात्मक हस्तक्षेप करना चाहिए ।


राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों को सम्बोधित करते हुए वाणिज्य और प्रबन्धन विभाग के संयोजक तथा ऊधम सिंह नगर के स्वीप के पूर्व नोडल अधिकारी

प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सिंह रा.स्ना.महाविद्यालय
रुद्रपुर (ऊ0सिं0नगर)

(82)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर







प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
सिंह रा.स्ना.महाविद्यालय
(ऊ0सिं0नगर)

(84)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर




प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सिंह रा.स्ना.महाविद्यालय
रुद्रपुर (ऊ०सिं०नगर)

(87)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर

## एक दिवसीय शिविर

**दिनाँक: 14.03.2024**

**थीम :** 'बातें जो हम आम तौर पर नहीं करते'

**<u>प्रतिवेदन</u>**

आज दिनाँक 14.03.2024 सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों का एक दिवसीय शिविर महाविद्यालय क्रीड़ा प्रांगण में आयोजित किया गया । इस एक दिवसीय शिविर में योगाभ्यास, श्रमदान, बौद्धिक गोष्ठी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। एक दिवसीय शिविर का प्रारम्भ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्यगीत के गायन साथ हुआ । इसके बाद स्वयंसेवियों द्वारा योगाभ्यास किया गया। इसके बाद स्वयंसेवियों ने उत्तराखंड के लोक पर्व फूलदेई को उत्साहपूर्वक मनाया ।

'बातें जो हम आम तौर पर नहीं करते' विषय पर आयोजित बौद्धिक गोष्ठी में बोलते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी इतिहास विभाग की असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ.अपर्णा सिंह ने कहा कि माहवारी शर्म का नहीं बल्कि महिला स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ एक महत्वपूर्ण मुद्दा है । इसकी सही जानकारी युवक और युवतियों दोनों को होनी चाहिए । जिससे कि युवतियां माहवारी के दौरान सहज महसूस करते हुए जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सुविधाजनक ढंग से कार्य कर सकें । समाज में माहवारी के सम्बन्ध में मौजूद

प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सिंह रा.स्ना.महाविद्यालय
रुद्रपुर (ऊ0सिं0नगर)

(08)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रूद्रपुर

भ्रांतियों का निराकरण होना जरूरी है तभी लोग इस विषय पर खुलकर बातचीत कर सकेंगे ।

बौद्धिक गोष्ठी को समाजशास्त्र विभाग प्रभारी प्रोफेसर हेमलता सैनी, प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार सैनी ने भी स्वयंसेवियों को सम्बोधित किया । इस अवसर पर समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अंचलेश कुमार तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजीता जौहरी आदि मौजूद रहे।

इस एक दिवसीय शिविर के सफल संचालन में राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयंसेवी कैलाश राठौर, सुदीप सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । इस कैंप में रिताक्षी छाबड़ा , काजल राजपूत , कैलाश चौधरी,प्रदीप कुमार ,अनामिका सिंह, सोनी, ज्योति आदि मौजूद रहे ।

15/03/24

प्राचार्य
स.भ.सिंह रा.स्ना.महाविद्यालय
रूद्रपुर (ऊ0सिं0नगर)

प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सिंह रा.स्ना.महाविद्यालय
रूद्रपुर (ऊ0सिं0नगर)

(93)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

(युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित)

सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर, ऊधम सिंह नगर

## सात दिवसीय विशेष शिविर : 01 से 07 मार्च 2024

## प्रतिवेदन

### प्रथम दिवस: दिनाँक - 01.03.2024

सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों का सात दिवसीय विशेष शिविर राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, पत्थर चट्टा , रुद्रपुर में दिनांक 01.03.24 को रंगारंग कार्यक्रमों के साथ प्रारम्भ हुआ ।

शिविर का आरम्भ उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि नगर निगम के निवर्तमान पार्षद श्री राजेश कुमार और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.सी. पंत के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ । शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री राजेश कुमार ने कहा कि स्वयंसेवियों को चाहिए कि वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए इस शिविर अवधि में स्वयं को सामाजिक जीवन के नए पाठ सीखने में लगाएं । प्राचार्य डॉ. डी.सी.पंत ने शिविरार्थियों का आह्वान किया कि वे शिविर के दौरान समाज के बीच सामाजिक महत्व के विभिन्न मुद्दों पर लोगों को जागरूक करें । आपने स्वयंसेवियों का आह्वान किया कि चुने हुए कार्यक्षेत्र में काम करते हुए अपने आचरण व्यवहार से समाज में एक अच्छी छाप छोड़ें ।

आयोजन के विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सेवा के जिला समन्वयक डॉ.धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने शिविरार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व, उसकी उपादेयता और सामाजिक विकास में उसकी भूमिका के बारे में विस्तार से बताया । वाणिज्य और प्रबन्धन विभाग के संयोजक प्रोफेसर पी.एन. तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना में सात दिवसीय शिविर एक ऐसा अवसर होता है जिसके माध्यम से स्वयंसेवी पूरे जीवन के लिए अनुभव लेकर जाता है । इसलिए स्वयंसेवियों को चाहिए कि वे पूर्ण समर्पण के साथ इस अवधि में कार्य करें । डॉ. पी.एन. तिवारी ने मंच से यह घोषणा भी की कि उनके द्वारा इस सात दिवसीय शिविर के सर्वश्रेष्ठ शिविरार्थी को एक हज़ार रूपये का नगद पुरस्कार प्रोत्साहन स्वरुप दिया जाएगा । हिंदी विभाग के प्रोफेसर शम्भू दत्त पांडे ने कहा कि यह युवाओं की तरुणाई की बेला है । इसे जाग्रत अनुभवों के साथ गुजारना चाहिए ।

प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सिं. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)

01

(94)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

(युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित)

सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर, ऊधम सिंह नगर

आपने शिविर के समस्त स्वयंसेवियों को अपनी स्वरचित दो-दो पुस्तकें प्रदान करने का वादा भी किया ।

उद्घाटन समारोह के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए । स्वयंसेवी सजिया और सवीन जहाँ ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की तथा युसूफ ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया । दिन रात के इस सात दिवसीय शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के कुल 35 स्वयंसेवियों द्वारा प्रतिभाग किया गया । इस उद्घाटन समारोह में महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार सैनी, प्रोफेसर हेमलता सैनी, डॉ. नरेश कुमार, पत्थरचट्टा यूथ क्लब के सदस्य श्री संदीप और श्री जगदीश, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्या श्रीमती शांति बुडोला तथा प्राध्यापिका श्रीमती रीता जैन, राजकीय प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मुकुल अरोरा तथा प्राध्यापिका श्रीमती देवकी बिष्ट, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डा. रंजीता जौहरी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयंसेवी रमेश कोली, मोहित शर्मा और अनुसेवक श्री संदीप सिंह डसीला, सुश्री मंजू पंजेरू आदि मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह के कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अपर्णा सिंह के द्वारा किया गया ।

## द्वितीय दिवस: दिनाँक - 02.03.2024

आज शिविर के दूसरे दिन शिविरार्थियों ने दिन की शुरुआत लक्ष्य गीत , संकल्प गीत और राष्ट्रगान के पश्चात योग क्रियाओं के साथ हुई । स्वयंसेवी कैलाश चौधरी के निर्देशन में समस्त स्वयंसेवियों द्वारा योगासन और प्राणायाम किया गया । सुबह के नाश्ते के पश्चात शिविरार्थियों ने विद्यालय परिसर में उगी झाड़ियों की कटाई कर श्रमदान किया । इस दौरान बारिश के कारण श्रमदान कार्य में बाधा भी उत्पन्न हुई । इसके अलावा स्वयंसेवियों द्वारा गूगल फॉर्म के माध्यम से बालिका शिक्षा के सम्बन्ध में सामाजिक सर्वेक्षण का कार्य भी किया गया । इस सर्वेक्षण कार्य के अन्तर्गत स्वयंसेवियों द्वारा सैनिक पुनर्वास क्षेत्र के निवासियों से साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से प्रश्न कर उनके उत्तर गूगल फॉर्म के माध्यम से अंकित किये गए ।

प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सिं. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)

(95)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

(युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित)

सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर, ऊधम सिंह नगर

शिविर के दूसरे दिन का बौद्धिक सत्र 'मन के हारे हार, मन के जीते जीत' विषय पर आयोजित किया गया । इस सत्र की विषय विशेषज्ञ 'सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज'(C–3) के अन्तर्गत 'समर्थ' की कार्यक्रम अधिकारी शिल्पी पांडे ने शिविरार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया । आपने स्वयंसेवियों के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न प्रश्नों का उत्तर भी दिया । सी–3 संस्था के सदस्य श्री मयंक पनेरु ने भी स्वयंसेवियों को मानसिक स्वास्थ्य के सम्बन्ध में जागरूक किया ।

इस बौद्धिक सत्र का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अपर्णा सिंह के द्वारा किया गया । डॉ. अपर्णा सिंह ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न भ्रांतियों का निराकरण भी किया । आपने बताया कि हमारे समाज में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर या तो बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया जाता । हमारे शरीर के अन्य रोगों की तरह यदि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में भी समय से चिकित्सक की सलाह ली जाय बहुत सी गम्भीर बीमारियों से बचा जा सकता है । कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजीता जौहरी, डॉ. रवीन्द्र कुमार सैनी, डॉ. हेमलता सैनी, सी–3 संस्था के सदस्य श्री मयंक पनेरु, श्री लेखराज सिंह, श्री श्रीपाल, श्री दीपांशु, श्रीमती गीता एवं सुश्री संध्या ,सुश्री मंजू पनेरु, संदीप सिंह डसीला और वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार सिंह मौजूद रहे।

शाम के समय विद्यार्थियों अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं । इसके अन्तर्गत विभिन्न विद्यार्थियों द्वारा गीत, नृत्य और अभिनय से जुड़े कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये । इसी क्रम में विद्यार्थियों के बीच एक भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन भी किया गया । 'क्या वर्तमान में समाचार माध्यमों पर भरोसा किया जा सकता है' विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में बी.कॉम. द्वितीय सेमेस्टर के विनय बिष्ट ने प्रथम, बी.कॉम. तृतीय वर्ष के कैलाश चौधरी ने द्वितीय तथा बी.एससी. चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशान्त कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सिं. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)

(96)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

(युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित)

सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर, ऊधम सिंह नगर

## तृतीय दिवस - दिनाँक: 03.03.2024

सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन आज दिनाँक 03.03.2024 को शिविरार्थियों के दिन की शुरुआत लक्ष्य गीत, संकल्प गीत और राष्ट्रगान के पश्चात योग क्रियाओं के साथ हुई । रोज की तरह स्वयंसेवी कैलाश चौधरी के निर्देशन में समस्त स्वयंसेवियों द्वारा योगासन और प्राणायाम किया गया । सुबह के नाश्ते के पश्चात शिविरार्थियों ने शिविर स्थल के पास के सैनिक पुनर्वास क्षेत्र के सड़क के दोनों तरफ उगी झाड़ियों की कटाई कर श्रमदान किया । इसके अलावा स्वयंसेवियों द्वारा गूगल फॉर्म के माध्यम से स्वास्थ्य और सफ़ाई सम्बन्ध में सामाजिक सर्वेक्षण का कार्य भी किया गया । इस सर्वेक्षण कार्य के अन्तर्गत स्वयंसेवियों द्वारा सैनिक पुनर्वास क्षेत्र के निवासियों से साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से प्रश्न कर उनके उत्तर गूगल फॉर्म के माध्यम से अंकित किये गए ।

शिविर के तीसरे दिन के बौद्धिक सत्र में ' राज्य आपदा प्रतिवादन बल(SDRF)' की टीम ने शिविरार्थियों को आपदा प्रबन्धन से जुड़ा प्रशिक्षण प्रदान किया । एस.डी.आर.एफ. की टीम के लीडर अपर उप निरीक्षक श्री रवि रावत ने आपदा और उससे उत्पन्न होने वाली समस्याओं और परिस्थितियों की बारीकियों से परिचित कराया । टीम के अन्य सदस्यों ने आपदा के पूर्व और आपदा के पश्चात की परिस्थितियों में हमें किस तरह से व्यवहार करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए, इसके बारे में विस्तार से बताया । आपात स्थिति में किसी घायल व्यक्ति को स्ट्रेचर के अभाव में किस तरह से अस्पताल ले जाना है, इसके बारे में स्वयंसेवियों को प्रशिक्षित किया गया। कपड़े, रस्सी और बाँस की मदद से किस तरह से आपातकालीन स्ट्रेचर बनाया जाता है, इसके बारे में एस.डी.आर.एफ. की टीम ने स्वयंसेवियों को विस्तार से व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया । किस तरह की चोट में घायलों को किस तरह हाथों की मदद से आसानी से उठाया जाता है, किस तरह से घायल को कन्धों पर उठाया जाता है, इसके बारे में भी स्वयंसेवियों को विस्तार से प्रशिक्षित किया । एस.डी.आर. एफ. की टीम में आरक्षी श्री अजीत सिंह, श्री अमित टम्टा, श्री प्रकाश सिंह एवं श्री रोहित परिहार शामिल रहे । इस बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय के प्रोफेसर रवीन्द्र सैनी, प्रोफेसर हेमलता सैनी, श्री सुनील पंत, डॉ. उषा सिंह एवं राष्ट्रीय सेवा योजना

प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सिं. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)

(47)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

(युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित)

सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर, ऊधम सिंह नगर

की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अपर्णा सिंह, डॉ. रंजीता जौहरी एवम शिविर के स्वयंसेवी मौजूद रहे ।

विद्यार्थियों के मध्य सामूहिकता और सहयोग को बढाते हुए उनके व्यक्तित्व के विभिन्न आयामों को उद्घाटित करने के उद्देश्य से शिविर में नियमित रूप से शाम के समय विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया । इसी क्रम में सायंकाल विद्यार्थियों ने क्रीड़ा सम्बन्धी गतिविधियों में भाग लेने के उपरान्त सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से शिविर की अपनी दिनचर्या को एक विविधता प्रदान की । इस अवसर पर 'कन्या भ्रूण हत्या' विषय पर एक स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया । इस स्लोगन प्रतियोगिता में बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशान्त कुमार ने प्रथम, बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर के धर्मपाल ने द्वितीय तथा इसी कक्षा के शुवांशु बिष्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

## चतुर्थ दिवस - दिनाँक: 04.03.2024

शिविर के चौथे दिन आज दिनाँक 04.03.2024 को शिविरार्थियों के दिन की शुरुआत रोज की भांति लक्ष्य गीत, संकल्प गीत और राष्ट्रगान के पश्चात योग क्रियाओं के साथ हुई । सुबह के नाश्ते के पश्चात शिविरार्थियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. राजेश कुमार सिंह और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजीता जौहरी के नेतृत्व में सैनिक पुनर्वास क्षेत्र एवं एच.आर. सी. कॉलोनी में मतदाता जागरूकता रैली निकाली । इस रैली में वार्ड संख्या 40 के निवर्तमान पार्षद श्री राजेश कुमार ने भी प्रतिभाग किया । इस दौरान स्वयंसेवियों द्वारा घर-घर जाकर लोगों से व्यक्तिगत सम्पर्क कर उन्हें मतदान के महत्व के बारे में बताया गया । स्वयंसेवियों द्वारा लोगों से अपील की गई कि वे आने वाले लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें । इस दौरान स्वयंसेवियों द्वारा एच.आर. सी. कॉलोनी में गूगल फॉर्म के माध्यम से स्वास्थ्य और सफ़ाई के सम्बन्ध में सामाजिक सर्वेक्षण का कार्य करते हुए आंकड़े एकत्रित किये गए ।

यह शिविर विद्यार्थियों को सामाजिक महत्व के विभिन्न मुद्दों के प्रति जागरूक और संवेदनशील बनाने और जीवन की विभिन्न आकस्मिकताओं के सापेक्ष प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है । इसी क्रम में शिविर के चौथे दिन

प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सिं. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)

05

(98)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

(युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित)

**सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर, ऊधम सिंह नगर**

समाज के अपेक्षाकृत उपेक्षित और वंचित तबके सफाई कर्मचारियों के कार्य की अमानवीय परिस्थितियों, सफाई कर्मियों के प्रति समाज के दृष्टिकोण और उनके कार्य एवं सामाजिक जीवन से जुड़े अनुभवों से स्वयंसेवियों को परिचित कराने के लिए उन्हें बौद्धिक सत्र में आमन्त्रित किया गया । 'लोग जिनसे हम कभी नहीं मिलते' विषय पर आयोजित बौद्धिक सत्र का विषय प्रवर्तन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अपर्णा सिंह द्वारा किया गया । आपने कहा कि हमारे जीवन में बहुत से लोगों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होते हुए भी हमारी संवेदनहीनता के कारण वे हमारे लिए लगभग अदृश्य से होते हैं। हमारे द्वारा फेंके गए कचरे और फैलाई गई गन्दगी को कौन, कब, कैसे साफ करेगा, हम इसके बारे में बिना सोचे लगातार कचरा और गन्दगी फैलाते रहते है । राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. राजेश कुमार सिंह ने स्वयंसेवियों को बताया कि भारत सरकार के द्वारा 1993 में सूखे शौचालयों के निर्माण तथा मैला उठाने की कुप्रथा के निषेध से जुड़ा अधिनियम पारित करने के बावजूद आज भी देश के बहुत से हिस्सों में मैला उठाने की कुप्रथा आज भी प्रचलित है । तमाम संवैधानिक संरक्षणों के बावजूद आज भी समाज में सफाई कर्मियों के साथ भेदभाव और अश्पृष्यता का व्यवहार देखने को मिलता है । राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों को चाहिए कि वे सदियों से चली आ रही कुप्रथाओं के प्रति संवेदनशील बनें और समाज के अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें । इस अवसर पर नगर निगम रुद्रपुर के सफाई कर्मचारी श्री महावीर ने स्वयंसेवियों को अपने कार्य की अमानवीय और अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों, सफाई के मार्ग में उत्पन्न होने वाली बाधाओं और सफाई कर्मचारियों के प्रति समाज के नकारात्मक दृष्टिकोण के बारे में विस्तार से बताया । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रोफेसर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अपर्णा सिंह, डॉ. रंजीता जौहरी एवम शिविर के स्वयंसेवी मौजूद रहे ।

शाम के समय विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गयीं । इसके अलावा 'लोग जिनसे हम नहीं मिलते' विषय पर एक निबन्ध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई । इस निबन्ध प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की निकिता ने प्रथम, बी.एससी. चतुर्थ सेमेस्टर के धर्मेन्द्र कोरी ने द्वितीय तथा इसी कक्षा की मधु रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सिं. राजकीय स्नातकोत्तर म.
रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)

(99)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

(युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित)

सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर, ऊधम सिंह नगर

## पंचम दिवस - दिनाँक: 05.03.2024

आज दिनाक 05.03.2024 को शिविर के पांचवें दिन की शुरुआत रोज़ की तरह लक्ष्य गीत,संकल्प गीत और राष्ट्रगान के पश्चात योग क्रियाओं के साथ हुई। सुबह के नाश्ते के पश्चात शिविरार्थियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. राजेश कुमार सिंह और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजीता जौहरी के नेतृत्व में सैनिक पुनर्वास क्षेत्र एवं एच.आर. सी. कॉलोनी में 'स्वच्छता जागरूकता' रैली निकाली। इस स्वच्छता जागरूकता रैली में वार्ड संख्या 40 के पार्षद श्री राजेश कुमार ने भी प्रतिभाग किया। इसके अलावा स्वयंसेवियों द्वारा गूगल फॉर्म के माध्यम से महिला शिक्षा के सम्बन्ध में सामाजिक सर्वेक्षण का कार्य भी किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवियों को को सामाजिक महत्व के विभिन्न मुद्दों के प्रति जागरूक और संवेदनशील बनाना है। इसी क्रम में आज शिविर के पांचवें दिन विद्यार्थियों को महिला समानता और संवैधानिक मूल्यों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर बात करने के उद्देश्य से 'बातें दुनिया जहान की' विषय पर बौद्धिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस बौद्धिक सत्र में अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के श्री संजीव और श्री सुनील पंत ने शिविरार्थियों को संवैधानिक मूल्यों और जेंडर संवेदीकरण के बारे में विस्तार से बताया। आपने दृश्य श्रव्य माध्यम से शिविरार्थियों को जेंडर के आधार पर किए जा रहे भेदभाव के रूढ़िवादी तौर-तरीकों के बारे में बताया। आपने बताया कि कितने सूक्ष्म तरीके से समाज की पितृसत्तात्मक सोच जीवन जीने के सामान्य कौशलों को लिंग विशेष के साथ संयुक्त कर देती है। लोग स्त्री द्वारा किये जाने वाले कार्यों को उसकी लैंगिक विशेषता मानने लगते हैं। जेंडर के आधार पर कार्यक्षेत्रों और कार्यक्षेत्रों में भूमिकाओं का बँटवारा इस लैंगिक असमानता को बहुत अच्छी तरह से प्रकट करता है। संजीव जी ने शिविरार्थियों का आहवान किया कि वे लैंगिक भेदभाव से रहित एक बेहतर समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।

अजीम प्रेम जी फाउन्डेशन के ही श्री सुनील पन्त ने शिविरार्थियों को बताया कि उन्हें जेंडर के आधार पर समाज में किये जा रहे भेदभाव के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। आपने बताया कि हमारे संविधान के द्वारा स्त्री और

प्रभारी राष्ट्रीय सेवा योजना स.भ.सिं. राजकीय स्नातकोत्तर महा. रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)

पुरुष सभी को सामान अधिकार दिए गए हैं । लिंग के आधार पर किसी एक लिंग को विशेषाधिकार देना और किसी अन्य के ऊपर तमाम तरह की वन्चनाएं आरोपित करना न सिर्फ गैर संवैधानिक कृत्य है, बल्कि पूरी तरह से अमानवीय आचरण भी है । इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अपर्णा सिंह, डॉ. रंजीता जौहरी एवम शिविर के स्वयंसेवी मौजूद रहे ।

दैनिक साँस्कृतिक संध्या के कार्यक्रम में स्वयंसेवियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गयीं । इस अवसर परा आयोजित एकल गायन प्रतियोगिता में साजिया ने प्रथम, युसूफ ने द्वितीय तथा शुवान्शु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । एकल नृत्य की प्रतियोगिता में सवीन जहाँ ने प्रथम, अनामिका ने द्वितीय तथा मोना भट्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

## षष्टम दिवस - दिनाँक: 06.03.2024

रोज की भांति आज दिनांक 06.03.2024 को भी शिविर के छठवें दिन की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत, संकल्प गीत और राष्ट्रगान के पश्चात योग क्रियाओं के साथ हुई । सुबह के नाश्ते के पश्चात शिविरार्थियों ने श्रमदान कार्यक्रम के अन्तर्गत शिविर स्थल पर मौजूद क्यारियों की पशुओं से सुरक्षा के लिए बाड निर्मित की । इसके बाद शिविरार्थियों ने शिविर स्थल पर मौजूद जैविक और अजैविक कूड़े के निस्तारण के लिए गड्ढे खोदे और कूड़े का पृथक-पृथक निस्तारण किया । इसके अलावा स्वयंसेवियों ने शिविर स्थल के शौचालयों के सौंदर्यीकरण के क्रम में उन पर पेंट भी किया ।

इस सात दिवसीय विशेष शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सामाजिक महत्व के विभिन्न मुद्दों के प्रति जागरूक और संवेदनशील बनाना तथा उन्हें जीवन की विभिन्न आकस्मिकताओं के सापेक्ष प्रशिक्षित करना रहा है । इसी क्रम में आज शिविर के छठवें दिन 'व्यक्तित्व विकास एवं कैरियर काउंसिलिंग' विषय पर आयोजित बौद्धिक सत्र में 'यू के इंटरनेशनल लंदन ब्यूटी स्कूल रुद्रपुर' की ट्विंकल तनेजा, संदीप कौर, बलजीत कौर और प्रेक्षा ने शिविरार्थियों को व्यक्तित्व विकास और कैरियर अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के सम्बन्ध में टिप्स दिए ।

इस बौद्धिक कार्यक्रम में महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. वकार हसन खान, समाजशास्त्र विषय के प्रोफेसर हेमलता सैनी और

(101)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

(युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित)

सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर, ऊधम सिंह नगर

प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार सैनी तथा क्रीड़ा प्रभारी डॉ. राजेश कुमार ने भी शिविरार्थियों को सम्बोधित किया । डॉ. वकार हसन खान ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिनों का अनुभव विद्यार्थियों के लिए जीवन की अमूल्य निधि बन कर रहेगा । आपने विद्यार्थियों को बताया कि इस शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को उनके व्यक्तित्व विकास के लिए एक ऐसा मंच प्रदान किया जा रहा है जिसका इस्तेमाल करते हुए वे अपनी छुपी हुई प्रतिभा का परिष्कार कर सकते हैं । समाजशास्त्र विभाग के प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार सैनी ने स्वयंसेवियों को युवा के लिए उपलब्ध विविधतापूर्ण अवसरों के बारे में जानकारी दी । आपने युवाओं का आह्वान किया कि उन्हें इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए अभी से तैय्यारी शुरू कर देनी चाहिए । प्रोफेसर हेमलता सैनी ने कहा कि जीवन अनन्त सम्भावनाओं से भरा हुआ एक अवसर है, जिसका लाभ सिर्फ वही लोग उठा सकते हैं जिन्होंने इन अवसरों के अनुकूल स्वयं को पहले से तैयार कर रखा है । क्रीड़ा प्रभारी डॉ. राजेश कुमार ने व्यक्तित्व विकास की समग्रता की बात करते हुए कहा कि व्यक्तित्व के किसी एक पक्ष मात्र पर अधिक जोर देने से बाकी के पक्ष अपूर्ण रह जाते हैं । अतः विद्यार्थियों को मौजूदा दौर की विवधता को देखते हुए व्यक्तित्व के सभी आयामों को बराबर महत्व देते हुए कार्य करना चाहिए, तभी जीवन में अपेक्षित सफलता अर्जित की जा सकती है ।

बौद्धिक गोष्ठी का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. राजेश कुमार सिंह द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अपर्णा सिंह, डॉ. रंजीता जौहरी एवम शिविर के स्वयंसेवी मौजूद रहे ।

शाम के समय रोज की भांति सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया । इस दौरान विद्यार्थियों की सृजनात्मक कल्पनाशक्ति के विस्तार को लक्ष्य में रखते हुए एक कहानी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया । इसके अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी मनोविज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ. रंजीता जौहरी द्वारा विद्यार्थियों के समक्ष एक अधूरी कहानी रखी गई, जिसे विद्यार्थियों द्वारा आधे घंटे के अन्दर पूरी करने की चुनौती प्रदान की गई । इस अधूरी कहानी पूरी करें प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की डॉली ने प्रथम तथा इसी कक्षा के कमल सिंह ने द्वितीय तथा शुवांशु बिष्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । इस सांस्कृतिक संध्या में शिविरार्थियों द्वारा समूह नृत्य भी प्रस्तुत किया गया । समूह नृत्य में साजिया और सवीन जहाँ की टीम

प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सिं. राजकीय स्नातकोत्तर म
रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)

ने प्रथम, रिताक्षी छाबड़ा की टीम ने द्वितीय तथा दक्ष कालरा की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

## सप्तम दिवस - दिनाँक: 07.03.2024

सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,रुद्रपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर का आज दिनांक 07.03.2024 को रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ । राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पत्थरचट्टा और राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, पत्थरचट्टा, रुद्रपुर में दिनांक 01 मार्च से 07 मार्च तक आयोजित इस सात दिवसीय शिविर में कुल 35 स्वयंसेवियों ने प्रतिभाग किया ।

शिविर अवधि के दौरान स्वयंसेवियों द्वारा सैनिक पुनर्वास क्षेत्र, एच.आर.सी. कॉलोनी तथा उससे जुड़ी मलिन बस्ती के निवासियों को मतदान और साफ सफाई के सम्बन्ध में रैली निकालकर जागरूक किया गया । इस दौरान शिविरार्थियों द्वारा बालिका शिक्षा एवं स्वास्थ्य तथा सफाई के सम्बन्ध में सामाजिक सर्वेक्षण का कार्य भी किया गया । दैनिक रूप से सुबह नाश्ते के उपरांत श्रमदान और भोजनोपरान्त सामाजिक महत्व के विभिन्न विषयों पर बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित किए गए । सात दिवसीय विशेष शिविर में शिविरार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य, व्यक्तित्व विकास , आपदा प्रबन्धन, सफाई कर्मियों के साथ समाज में किए जाने वाले सामाजिक भेदभाव, संवैधानिक मूल्यों तथा लैंगिक संवेदीकरण के सम्बंध में विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।

शिविर के समापन सत्र में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.सी.पंत ने शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र वितरित किया । इस अवसर पर शिविरार्थियों को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.डी.सी.पंत ने कहा कि शिविर के दौरान अर्जित किए गए अनुभव विद्यार्थियों के जीवन पर्यन्त काम आएंगे। आपने स्वयंसेवियों का आह्वान किया कि शिविर के माध्यम से उन्होंने सामाजिक जागरूकता के सम्बन्ध में जो भी ज्ञान प्राप्त किया है, उन्हें समाज में उसका व्यापक प्रचार-प्रसार करना चाहिए ।

प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सिं. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

(युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित)

**सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर, ऊधम सिंह नगर**

समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि क्षेत्र के पार्षद श्री राजेश कुमार ने शिविर के दौरान स्वयंसेवियों द्वारा किए गए कार्यों और उनके अनुशासन की तारीफ की । शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए वाणिज्य एवम प्रबन्धन विभाग के संयोजक प्रोफेसर पी.एन.तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर विद्यार्थियों के जीवन में अनोखे अनुभव लेकर आता है । राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को यह अवसर प्रदान करता है कि वे पठन–पाठन की दिनचर्या से बाहर आकर अपने सामाजिक सरोकारों से परिचित होते हैं ।

समाजशास्त्र विभाग प्रभारी प्रोफेसर हेमलता सैनी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा मंच है जो युवाओं को समाज से जोड़ता है । शिविर के दौरान सात दिनों तक एक साथ रहने से युवाओं के अन्दर सामुदायिक साहचर्य की भावना का विकास होता है । इसके अलावा जीवन के बहुत से अनुभव ऐसे हैं जो घर की चारदीवारी के अन्दर रहकर नहीं प्राप्त किए जा सकते । यह अनुभव विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के माध्यम से प्राप्त होते हैं ।

इस सात दिवसीय विशेष शिविर में बी.कॉम. द्वितीय सेमेस्टर के दक्ष कालरा बालक वर्ग में एवम बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की निकिता को बालिका वर्ग में सर्वश्रेष्ठ शिविरार्थी घोषित किया गया । सर्वश्रेष्ठ शिविरार्थी दक्ष कालरा एवं निकिता को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.डी.सी.पन्त द्वारा पुरस्कृत किया गया । इसके अतिरिक्त वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के प्रभारी प्रोफेसर पी.एन.तिवारी द्वारा बालक एवं बालिका वर्ग के सर्वश्रेष्ठ शिविरार्थी को 500 रूपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया ।

इस शिविर के दौरान विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के विभिन्न पक्षों को उद्घाटित करने के उद्देश्य से विभिन्न सांस्कृतिक, बौद्धिक और मनोवैज्ञानिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं । इस शिविर के दौरान आयोजित 'लोग जिनसे हम नहीं मिलते' विषय पर आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय सेमेस्टर निकिता ने प्रथम, बी.एससी. चतुर्थ सेमेस्टर के धर्मेन्द्र कोरी ने द्वितीय तथा इसी कक्षा की मधु रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । 'क्या वर्तमान में समाचार माध्यमों पर भरोसा किया जा सकता है' विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में बी.कॉम. द्वितीय सेमेस्टर के विनय बिष्ट ने प्रथम, बी.कॉम. तृतीय वर्ष के कैलाश चौधरी ने द्वितीय तथा बी.एससी. चतुर्थ

प्रभारी राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सिं. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)

(104)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

(युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित)

**सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर, ऊधम सिंह नगर**

सेमेस्टर के प्रशान्त कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।'कन्या भ्रूण हत्या' विषय पर आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशान्त कुमार ने प्रथम, बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर के धर्मपाल ने द्वितीय तथा इसी कक्षा के शुवांशु बिष्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । अधूरी कहानी पूरी करें प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की डॉली ने प्रथम तथा इसी कक्षा के कमल सिंह ने द्वितीय तथा शुवांशु बिष्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को समापन समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.सी.पन्त द्वारा पुरस्कृत किया गया ।

समापन समारोह के अतिथि महाविद्यालय के हिन्दी विभाग प्रभारी प्रोफेसर शम्भू दत्त पाण्डेय ने सभी स्वयंसेवियों को पुरस्कार स्वरुप अपनी कविता और कहानी की एक-एक पुस्तक प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अपर्णा सिंह ने सभी स्वयंसेवियों को प्रोत्साहन स्वरुप एक-एक डायरी और पेन देकर पुरस्कृत किया ।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रोफेसर रवीन्द्र सैनी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अपर्णा सिंह, डॉ. रंजीता जौहरी, श्री संदीप सिंह डसीला, मंजू पनेरू एवम शिविर के स्वयंसेवी मौजूद रहे ।

| | |
|---|---|
| प्रतिहस्ताक्षरित | भवदीय |
| | 15/03/2024 |
| (डॉ.डी.सी.पन्त) | (डॉ.राजेश कुमार सिंह) |
| प्राचार्य | प्रभारी, राष्ट्रीय सेवा योजना |
| सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर | सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर |
| महाविद्यालय, रुद्रपुर | महाविद्यालय, रुद्रपुर |
| ऊधम सिंह नगर | ऊधम सिंह नगर |

प्राचार्य
स.भ.सिंह रा.स्ना.महाविद्यालय
रुद्रपुर (ऊ०सि०नगर)

प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सि. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्या०
रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)

(105)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

(युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित)

सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर, ऊधम सिंह नगर

## सात दिवसीय विशेष शिविर के लिए बस द्वारा प्रस्थान




प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सिं. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)

13

(115)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

(युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित)

सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर, ऊधम सिंह नगर

## प्रथम दिवस: उद्घाटन समारोह एवं बौद्धिक सत्र





प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सिं. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)


# राष्ट्रीय सेवा योजना

(युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित)

सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर, ऊधम सिंह नगर

द्वितीय दिवस: बौद्धिक सत्र - 'मन के हारे हार, मन के जीते जीत'






# राष्ट्रीय सेवा योजना

(युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित)

सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर, ऊधम सिंह नगर

## तृतीय दिवस : बौद्धिक सत्र - SDRF टीम द्वारा प्रशिक्षण







राष्ट्रीय सेवा योजना
सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)

119

# राष्ट्रीय सेवा योजना

(युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित)

सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर, ऊधम सिंह नगर

## चतुर्थ दिवस:बौद्धिक सत्र- 'लोग जिनसे हम कभी नहीं मिलते'

(स्वच्छकार समुदाय के साथ स्वयंसेवियों का संवाद)







प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सिं. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)

27

(120)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

(युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित)

सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर, ऊधम सिंह नगर

## पंचम दिवस: बौद्धिक सत्र- 'बातें दुनिया जहान की'

(संवैधानिक मूल्यों और जेंडर संवेदीकरण पर स्वयंसेवियों से संवाद)






प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सिं. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)

(21)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

(युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित)

सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर, ऊधम सिंह नगर

षष्ठम दिवस: बौद्धिक सत्र-व्यक्तित्व विकास एवं कैरियर काउंसिलिंग






प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सिं. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)

29

(122)


# राष्ट्रीय सेवा योजना

(युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित)

सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर, ऊधम सिंह नगर

## सप्तम दिवस : समापन समारोह




30

# राष्ट्रीय सेवा योजना

(युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित)

सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर, ऊधम सिंह नगर

## सप्तम दिवस : समापन समारोह






प्रभारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
स.भ.सिं. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)

31